TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

14 अगस्त 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

किसी भी काम को सफल बनाने के लिए

सबसे जरूरी चीज है आत्मविश्वास।

**स्वामी विवेकानंद जी**



राकेश कुमार

Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 14 अगस्त

1. **बॉम्बे उच्च न्यायालय की स्थापना–** बॉम्बे उच्च न्यायालय की स्थापना 14 अगस्त 1862 को हुआ था। इसकी स्थापना 1861 के हाईकोर्ट अधिनियम के तहत की गई थी। ब्रिटिश इंजीनियर कर्नल जे फुलर ने इसकी डिजाइन तैयार की थी। इसमें पहला मुकदमे की सुनवाई 10 जनवरी, 1879 ई. को सुना गया था। इसके कार्यक्षेत्र में महाराष्ट्र, गोवा, दमन एवं दीव और दादरा एवं नगर हवेली आते हैं।
2. **पाकिस्तान का स्वतंत्रता दिवस–** अंग्रेजों ने लगभग 200 वर्षो के शासन के बाद भारत का विभाजन 14–15 अगस्त की मध्य रात्रि को किया था। विभाजन के बाद पाकिस्तान नामक इस्लामी देश का उदय हुआ। अलग पाकिस्तान की मांग करने वाले मुहम्मद अली जिन्ना को पाकिस्तान के पहले गर्वनर जनरल नियुक्त किया गया। पाकिस्तान की राजधानी कराची बनायी गयी जिसे बाद में इस्लामाबाद कर दिया गया।
3. **जॉनी लीवर का जन्म–** भारतीय हास्य कलाकार और अभिनेता जॉन प्रकाश राव जनुमाला (जॉनी लीवर) का जन्म 14 अगस्त, 1957 ई. को आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले में हुआ था। आपको जान कर आश्चर्य होगा कि जॉनी लीवर आर्थिक तंगी को मिटाने के लिए कभी गलियों में घुम–घुम कर पेन बेचा करते थे। उनके पिता ने उन्हें हिन्दुस्तान लीवर में काम दिला दी। जॉनी लीवर मिमिक्री करने में माहिर थे। वे वहां के वर्कर को अपनी मिमिक्री से हँसाया करते थे। सुनीत दत्त ने उनकी प्रतिभा को पहचान कर फिल्म 'दर्द का रिश्ता' में पहला ब्रेक दिया था। उनकी अभिनय बाज़ीगर, राजा हिन्दुस्तानी, जुदाई, यस बॉस, दूल्हे राजा, कुड–कुछ होता है, जैसी कई सफल फिल्मों में देखने को मिलती है।
4. **कुलदीप नैयर का जन्म–** भारत के जाने–माने पत्रकार और लेखक कुलदीप नैयर का जन्म 14 अगस्त, 1924 ई. को सियालकोट, पाकिस्तान में हुआ था। भारत के प्रेस सूचना अधिकारी के पद पर कई वर्षों तक कार्य करने के बाद वे यू.एन.आई., पी.आई.बी., 'द स्टैट्समैन', 'इण्डियन एक्सप्रेस' के साथ लम्बे समय तक जुड़े रहे। इसके अलावे कई विदेशी मीडिया जैसे 'द टाइम्स' (लन्दन), 'डॉन पाकिस्तान' के लिए भी संवाददाता का कार्य करते रहे। उन्होंने 'बिटवीन द लाइन्स', 'इण्डिया आफ्टर नेहरू', 'वाल एट वाघा', 'इण्डिया हाउस' जैसी कई प्रसिद्ध पुस्तकों का भी लेखन कार्य किया। भारत सरकार द्वारा उन्हें पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
5. **पहला ओलम्पिक बॉस्केट बॉल का आयोजन–** बर्लिन में पहला ओलम्पिक बॉस्केट बॉल खेल का आयोजन 14 अगस्त, 1936 ई. को किया गया था।

W e d n e s d a y

/teachersofbihar

Madhu priya

Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष

14 अगस्त

मधु प्रिया

## बाम्बें हाई कोर्ट स्थापना दिवस 14 अगस्त




मुंबई हाई कोर्ट भारत के तीन उच्च न्यायालय में से एक है, जिसे क्वीन विक्टोरिया द्वारा दिए गए लेटर्स पेटेंट द्वारा प्रेसिडेंसी टाउन में स्थापित किया गया था जिसकी तारीख 26 जून 1832 थी। इसका उद्घाटन 14 अगस्त 1862 को उच्च न्यायालय अधिनियम के तहत किया गया। बाम्बे हाई कोर्ट, फोर्ट,मुंबई उच्च न्यायालय की वर्तमान इमारत पर काम अप्रैल 1871 मे शुरू हुआ और नवंबर 1878 में पूरा हुआ। इसे ब्रिटिश इंजीनियर कर्नल जेम्स ए फुलर द्वारा डिजाइन किया गया था। इस इमारत में पहली बैठक 10 जनवरी 1879 को हुई थी। न्यायमूर्ति एमसी छागला स्वतंत्रता के बाद बांम्बे उच्च न्यायालय के पहले मुख्य न्यायाधीश थे। यह 562 फीट (171मीटर) लंबा और 187 फीट(57 मीटर) चोड़ा है। केन्द्रीय मीनार के पश्चिम में दो अष्टकोणीय मीनारें है। इस इमारत के ऊपर न्याय और दया की मूर्तियां हैं। 2016 में यह घोषणा की गई थी, बांम्बे हाई कोर्ट के परिसर को बान्दा कुर्ला कॉम्पलेक्स में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। इमारत की 125वीं वर्षगांठ को स्थानीय इतिहासकार राहुल मेहरोत्रा और शारदा द्विवेदी द्वारा "द बाम्बें हाई कोर्ट: द स्टोरी ऑफ द बिल्डिंग -1878-2003"नामक बार एसोसिएशन द्वारा कमीशन की गई एक पुस्तक के विमोचन द्वारा चिन्हित किया गया था।

Your paragraph text
/teachersofbihar

# जयंती विशेष 14 अगस्त

राकेश कुमार




**कुलदीप नैयर** *Kuldip Nayar*, जन्म: 14 अगस्त 1924; मृत्यु- 23 अगस्त, 2018, दिल्ली) भारत के प्रसिद्ध लेखक एवं पत्रकार थे। भारत सरकार के प्रेस सूचना अधिकारी के पद पर कई वर्षों तक कार्य करने के बाद वे यू. एन. आई, पी. आई. बी. 'द स्टैट्समैनं 'इण्डियन एक्सप्रेस' के साथ लम्बे समय तक जुड़े रहे। कुलदीप नैयर 25 वर्षों तक 'द टाइम्स' लन्दन के संवाददाता भी रहे।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 14.08.2024

## मूल्यांकन/आलोचनात्मक मूल्यांकन

मूल्यांकन का अर्थ है किसी कथन या वस्तु के मूल्य का अंकन या निर्धारण करना। ऐसे प्रश्नों में अभ्यर्थी से अपेक्षा होती है कि वह पूछे गए विषय का सार्वकालिक या वर्तमान महत्त्व रेखांकित करे, उसकी कमियाँ भी बताए और अंत में स्पष्ट करे कि उस कथन या वस्तु की समग्र उपयोगिता कितनी है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar




**भारत के सबसे ऊंचे रेलवे स्टेशन का नाम घुम है, जो दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे का एक स्टेशन है। यह रेलवे स्टेशन समुद्र तल से 7,407 फीट की ऊंचाई पर स्थित है।**

# TOB

राकेश कुमार



# खेल कॉर्नर





## खिलाड़ियों की संख्या

रग्बी

फुटबॉल, क्रिकेट, हॉकी

लैक्रोस

बेसबॉल, खो खो,

वाटर पोलो, कबड्डी, हैंडबॉल

वॉली बॉल

बास्केटबॉल

पोलो,

सेपक टकराव

**खेल और खिलाड़ियों की संख्या**

# TOB बूझो तो जानें..



450

दुबली पतली मेरी काया, एक आंख की देखो माया, धागे ने जब साथ दिया तो, दो बिछड़ो को खूब मिलाया ... बुझो तो जानें ?




संजय कुमार

www.teachersofbihar.org



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

**14 अगस्त 1862**


## भारतीय न्यायपालिका के अंतर्गत के प्रदेश स्तरीय न्यायलय

# बंबई उच्च न्यायलय


**स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**



Madhu priya




/teachersofbihar



14 अगस्त

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

भारत के प्रसिद्ध लेखक एवं पत्रकार

# कुलदीप नैयर

की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

14 अगस्त 1923 - 23 अगस्त 2018

Madhu priya

www.teachersofbihar.org


विभाजन विभीषिका
स्मृति दिवस
14 अगस्त
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विभाजन की त्रासदी झेलने वाले सभी भारतवासियों को
शत्-शत् नमन
www.teachersofbihar.org
Punita Kumari

# स्वतंत्रता दिवस पर रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता



- **पद्य पंकज**
- **गद्य गुंजन**
- **ब्लॉग्स**

पद्य पंकज: इस श्रेणी में कविता, गीत, छंद आदि जैसी पद्य रचनाएँ शामिल होंगी।
गद्य गुँजन: इस श्रेणी में निबंध, कहानी, आलेख आदि जैसी गद्य रचनाएँ शामिल होंगी।
ब्लॉग: इस श्रेणी में स्वतंत्रता दिवस के संदर्भ में ब्लॉग/ आलेख पोस्ट सम्मिलित किए जा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए विजिट करें

Website:
www.teachersofbihar.org

प्रतियोगिता से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए प्रतिभागी "टीचर्स ऑफ बिहार" की आधिकारिक वेबसाइट या ईमेल पर संपर्क कर सकते हैं।

ईमेल: teachersofbihar@gmail.com
संपर्क सूत्र: 8298720254, 9650233010

क्यूआर कोड स्कैन करें और जानकारी प्राप्त करें

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

### विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर

# स्वतंत्रता दिवस विशेष फोटोग्राफी प्रतियोगिता 2024

**थीम: भारत की आज़ादी और उसकी विरासत**







**प्रतियोगिता की अवधि:**
**12 अगस्त से 19 अगस्त, 2024**

प्रतियोगिता की श्रेणियाँ:

- 1. छात्र वर्ग: सभी आयु वर्ग के छात्र
- 2. शिक्षक वर्ग: सभी विषयों के शिक्षक

**अधिक जानकारी के लिए नीचे दिए गए वेबसाइट को विजिट करें**

www.teachersofbihar.org

क्यूआर कोड को स्कैन कर जानकारी प्राप्त करें